futuretopper.in

Series RR5SP/5

SET~1

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **58/5/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

नोट / NOTE :

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।

Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(ii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।

Please check that this question paper contains **34** questions.

(iii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

अर्थशास्त्र
ECONOMICS

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 80*

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 80*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

(ii) *यह प्रश्न-पत्र **दो** खण्डों में विभाजित है – खण्ड **क** तथा **ख** ।*
*खण्ड-**क** : समष्टि अर्थशास्त्र*
*खण्ड-**ख** : भारतीय आर्थिक विकास*

(iii) *इस प्रश्न-पत्र में **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

(iv) *इस प्रश्न-पत्र में **4** लघु-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **60** से **80** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

(v) *इस प्रश्न-पत्र में **6** लघु-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **80** से **100** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

(vi) *इस प्रश्न-पत्र में **4** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **100** से **150** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

(vii) *प्रत्येक प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए ।*

(viii) *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

(ix) *प्रश्न पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए ।*

खण्ड – क
(समष्टि अर्थशास्त्र)

1. निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें : **1**

कथन 1 : वास्तविक बचत व वास्तविक निवेश आय के सभी स्तरों पर बराबर होते हैं ।

कथन 2 : प्रभावी माँग सिद्धांत के अनुसार, साम्य उत्पादन प्रत्याक्षित समग्र माँग (AD) के बराबर होता है ।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है ।
(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है ।
(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं ।
(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं ।

2. पहचानें कि, निम्नलिखित में से किसे भारत का 'सामान्य निवासी' **नहीं** माना जाता है ? **1**

(A) नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में कार्यरत एक भारतीय नागरिक ।
(B) चीन में भारतीय दूतावास में कार्यरत एक भारतीय अधिकारी ।
(C) शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा गए एक भारतीय राजनयिक ।
(D) न्यूयॉर्क स्थित एक अमेरिकी कंपनी में, एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए कार्यरत एक भारतीय ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

General Instructions :

Read the following instructions carefully and follow them :

(i) *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *This question paper contains **two** sections :*
*Section – **A** : Macro Economics*
*Section – **B** : Indian Economic Development*

(iii) *This paper contains **20** Multiple Choice Questions type questions. Each question carries **1** mark.*

(iv) *This paper contains **4** Short Answer Questions Type-I questions. Each question carries **3** marks. Answer these questions in **60** to **80** words.*

(v) *This paper contains **6** Short Answer Questions Type-II questions. Each question carries **4** marks. Answer these questions in **80** to **100** words.*

(vi) *This paper contains **4** Long Answer Type Questions. Each question carries **6** marks. Answer these questions in **100** to **150** words.*

(vii) *Attempt all parts of a question together.*

(viii) *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

(ix) *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

SECTION – A
(Macro Economics)

1. Read the following statements carefully : **1**

Statement 1 : Ex-post savings and Ex-post investments are equal at all levels of income.

Statement 2 : Under the effective demand principle, the equilibrium output is equal to ex-ante Aggregate Demand (AD).

In the light of the given statements, choose the correct alternative from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.
(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.
(C) Both Statements 1 and 2 are true.
(D) Both Statements 1 and 2 are false.

2. Identify, which of the following is **not** considered as 'Normal Resident' of India ? **1**

(A) An Indian citizen working in U.S.A. embassy located at New Delhi.
(B) An Indian officials working in Indian embassy in China.
(C) An Indian diplomats visiting Canada for a summit.
(D) An Indian working in an American Company located in New York for a period of more than 1 year.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

3. एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में, यदि संपूर्ण अतिरिक्त आय का उपभोग किया जाता है, तो निवेश गुणक का मूल्य _____ होगा । (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।) 1

(A) इकाई (1)
(B) शून्य (0)
(C) शून्य (0) व इकाई (1) के मध्य
(D) अनंत (∞)

4. यदि किसी अर्थव्यवस्था में व्यापार संतुलन ₹ 200 करोड़ का घाटा दर्शा रहा है, तथा आयात का मूल्य ₹ 900 करोड़ है, तो निर्यात का मूल्य ₹ _____ करोड़ होगा ।

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।) 1

(A) 200
(B) 1100
(C) 700
(D) 900

5. "श्री सहौत्रा द्वारा एक नए घर के क्रय के लिए बैंक से लिया गया ऋण ।" 1

उपरोक्त कथन से मुद्रा के संकेतित कार्य की पहचान करें :

(A) विनिमय माध्यम
(B) मूल्य संचय
(C) खाते की इकाई
(D) विलंबित भुगतान के मानक

6. दी गई तालिका द्वारा, आय के उस स्तर की पहचान करें, जहाँ औसत बचत प्रवृत्ति (APS) शून्य होगी : 1

(सही विकल्प का चयन करें ।)

आय (₹ करोड़)	0	50	100	200	300	400
उपभोग (₹ करोड़)	50	75	100	150	200	250

विकल्प :

(A) 50
(B) 100
(C) 200
(D) 0

7. यदि किसी अर्थव्यवस्था में प्रारंभिक जमा राशि ₹ 4,000 करोड़ है तथा आरक्षित अनुपात (RR) 10% है । सृजित कुल जमा का मूल्य ₹ _____ करोड़ होगा ।

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।) 1

(A) 4,000
(B) 40,000
(C) 2,000
(D) 20,000

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

3. In a hypothetical economy, if entire additional income is consumed, the value of investment multiplier would be _____.

(Fill up the blank with correct alternative.) **1**

(A) One (1)
(B) Zero (0)
(C) Between zero (0) and one (1)
(D) Infinity (∞)

4. If in an economy the Balance of Trade is showing a deficit of ₹ 200 crore and the value of import is ₹ 900 crore, then the value of exports would be ₹ _____ crore. (Fill up the blank with correct alternative.) **1**

(A) 200
(B) 1100
(C) 700
(D) 900

5. "Mr. Sahotra borrowed funds from bank for purchasing a new house". **1**

From the above statement, identify the indicated function of money :

(A) Medium of exchange
(B) Store of value
(C) Unit of account
(D) Standard of deferred payments

6. From the given table, identify that level of income, where Average Propensity to Save (APS) becomes zero :

(Choose the correct alternative.) **1**

Income (₹ crore)	0	50	100	200	300	400
Consumption (₹ crore)	50	75	100	150	200	250

Alternatives :

(A) 50
(B) 100
(C) 200
(D) 0

7. If in an economy the initial deposits are ₹ 4,000 crore and Reserve Ratio (RR) is 10%. The value of total deposit created would be ₹ _____ crore.

(Fill up the blank with correct alternative.) **1**

(A) 4,000
(B) 40,000
(C) 2,000
(D) 20,000

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

8. निम्नलिखित में से उन सही कारणों की पहचान करें, जो किसी भी अर्थव्यवस्था में विदेशी मुद्रा की आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं : 1

I. इंग्लैंड में एक भारतीय द्वारा क्रय जमीन

II. ताजमहल देखने आये विदेशी पर्यटक

III. Microsoft द्वारा US $ 500 मिलियन का दान

IV. अध्ययन हेतु ऑस्ट्रेलिया जाने वाले भारतीय छात्र

विकल्प :

(A) I व II (B) II व IV

(C) II व III (D) I व IV

9. पहचान करें, दी गई आकृति में छायांकित क्षेत्र (ΔEFG) क्या दर्शाता है ? 1



I. उपभोग > आय

II. बचत = शून्य (0)

III. उपभोग < आय

IV. बचत < शून्य (0)

विकल्प :

(A) I व II (B) II व III

(C) III व IV (D) I व IV

दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए :

सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) _____ फलन का ढलान होता है ।

(सही विकल्प का चयन करें ।) 1

(A) उपभोग (B) लागत

(C) बचत (D) निवेश

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

8. From the following, identify the correct reasons that may affect the supply of foreign exchange in an economy : **1**

I. Purchase of land in England by an Indian

II. Foreign tourists visiting Taj Mahal

III. Donation of $ 500 million from Microsoft

IV. Indian students going to Australia for studies

Alternatives :

(A) I and II (B) II and IV

(C) II and III (D) I and IV

9. Identify, what does the shaded area (ΔEFG), in the given figure indicate ? **1**



I. Consumption > Income

II. Saving = Zero (0)

III. Consumption < Income

IV. Saving < Zero (0)

Alternatives :

(A) I and II (B) II and III

(C) III and IV (D) I and IV

For Visually Impaired Candidates :

Marginal Propensity to Save (MPS) is the slope of _____ function.

(Choose the correct alternative.) **1**

(A) Consumption (B) Cost

(C) Saving (D) Investment

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

10. भुगतान संतुलन के घाटे का मापन _____ लेन-देन के आधार पर होता है ।

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।) **1**

(A) स्वायत्त (B) समायोजन

(C) चालू खाता (D) पूँजी खाता

11. (a) निम्नलिखित आँकड़ों के आधार पर साधन लागत पर शुद्ध मूल्य वृद्धि (NVA_{FC}) की गणना करें : **3**

क्रम सं.	मदें	राशि (₹ लाख में)
(i)	स्थायी पूँजीगत वस्तुएँ (अनुमानित जीवन काल-5 वर्ष)	15
(ii)	घरेलू बिक्री	200
(iii)	स्टॉक में परिवर्तन	(–) 10
(iv)	निर्यात	10
(v)	एकल उपयोग उत्पादक वस्तुएँ	120
(vi)	निवल अप्रत्यक्ष कर	20

अथवा

(b) निम्नलिखित आँकड़ों द्वारा, शुद्ध अप्रत्यक्ष कर (NIT) का मूल्य ज्ञात करें : **3**

क्रम सं.	मदें	राशि (₹ करोड़ में)
(i)	बाज़ार मूल्य पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (NNP_{MP})	1,400
(ii)	विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय	(–) 20
(iii)	साधन लागत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP_{FC})	1,300
(iv)	स्थिर पूँजी का उपभोग	100

12. "यदि एक राष्ट्र चालू खाता घाटे की स्थिति का सामना कर रहा है, तो व्यापार घाटा अवश्य उपस्थित होता है ।"

मान्य तर्कों द्वारा उपरोक्त कथन का समर्थन अथवा खंडन करें । **3**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

10. The measurement of Balance of Payments deficit is based on _____ transactions. (Fill up the blank with correct alternative.) **1**

(A) Autonomous (B) Accommodating

(C) Current account (D) Capital account

11. (a) Calculate Net Value Added at Factor Cost (NVA_{FC}) from the following data : **3**

S. No.	Particulars	Amount (in ₹ lakh)
(i)	Fixed capital goods (expected life span – 5 years)	15
(ii)	Domestic Sales	200
(iii)	Change in stock	(–) 10
(iv)	Exports	10
(v)	Single use producer goods	120
(vi)	Net indirect taxes	20

OR

(b) From the following data, estimate the value of Net Indirect Taxes (NIT) : **3**

S. No.	Particulars	Amount (₹ in crore)
(i)	Net National Product at Market Price (NNP_{MP})	1,400
(ii)	Net Factor Income from abroad	(–) 20
(iii)	Gross National Product at Factor Cost (GNP_{FC})	1,300
(iv)	Consumption of fixed capital	100

12. "Trade Deficit must exist, if a country is facing situation of Current Account Deficit (CAD)."
Defend or refute the above mentioned statement with valid arguments. **3**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

13. मान लीजिए, एक अर्थव्यवस्था संतुलन में है । निम्नलिखित आँकड़ों द्वारा अर्थव्यवस्था में निवेश व्यय की गणना करें : **4**

(a) राष्ट्रीय आय (Y) = ₹ 10,000 करोड़

(b) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = 0.8

(c) स्वायत्त उपभोग ($\bar{c}$) = ₹ 100 करोड़

14. (a) (i) "मुद्रास्फीति को कम करने के उद्देश्य से, सरकार सार्वजनिक व्यय को कम सकती है ।" सरकार द्वारा उठाए जा सकने वाले, इस प्रकार के कदम के तर्काधार की चर्चा करें । **3**

(ii) प्रभावी माँग के सिद्धांत को परिभाषित करें । **1**

अथवा

(b) (i) "मालसूची के अनभिप्रेत संचय" के अर्थ का उल्लेख करें । **1**

(ii) "एक अर्थव्यवस्था में, समग्र माँग (AD) समग्र पूर्ति (AS) से अधिक है ।" उत्पादन, आय व रोजगार के स्तर पर इसके संभावित प्रभावों को विस्तार से समझाएँ । **3**

15. "भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा खुले बाज़ार संचालन से अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति को विनियमित करने में सहायता मिल सकती है ।"
दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध करें । **4**

16. (a) (i) सरकार के राजस्व व्यय व पूँजीगत व्यय में सोदाहरण अंतर स्पष्ट करें । **3**

(ii) "'उत्पादन प्रोत्साहन योजना (PLI)' के अंतर्गत भारत सरकार आयात-निर्यात शुल्क में कमी, निवेशकों को प्रोत्साहन, कर छूट आदि जैसे विभिन्न लाभ प्रदान करती है ।" उपरोक्त कथन के आलोक में, बजट उद्देश्य व उसके संभावित परिणामों की पहचान व व्याख्या करें । **3**

अथवा

(b) (i) "'शून्य दोष, शून्य प्रभाव' (Zero Defect, Zero Effect) योजना के अंतर्गत भारत सरकार लघु, कुटीर एवं मध्यम उपक्रमों (MSMEs) को 80% तक उपदान देती है ।" उपरोक्त गद्य में दर्शाए गए सरकारी बजट के उद्देश्य की पहचान करें व समझाएँ । **3**

(ii) उपयुक्त उदाहरणों द्वारा 'प्रत्यक्ष कर' व 'अप्रत्यक्ष कर' में अंतर स्पष्ट करें । **3**

17. (a) दिनांक 11 अप्रैल, 2023 के The Economic Times के समाचारानुसार **3**
"वित्त वर्ष 2022-23 में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 10 लाख के पार"
इस समाचार का, सकल घरेलू उत्पाद व कल्याण पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों का विश्लेषण करें ।

(b) एक द्वि-क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में आय के चक्रीय प्रवाह पर संक्षिप्त चर्चा करें । **3**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

13. Suppose, an economy is in equilibrium. From the following data, calculate investment expenditure in the economy : **4**
    (a) National Income (Y) = ₹ 10,000 crore
    (b) Marginal Propensity to Consume (MPC) = 0.8
    (c) Autonomous Consumption ($\bar{c}$) = ₹ 100 crore

14. (a) (i) "With an objective to reduce inflation, government may reduce public Expenditure."
    Discuss the rationale behind such a step which may be taken by the Government. **3**
    (ii) Define Effective Demand Principle. **1**

    OR

    (b) (i) State the meaning of 'unintended accumulation of inventories'. **1**
    (ii) "In an economy, Aggregate Demand (AD) is more than Aggregate Supply (AS)."
    Elaborate the possible impacts of the same, on the level of output, income and employment. **3**

15. "Open Market Operation by the Reserve Bank of India (RBI) helps in regulating money supply in the economy."
    Justify the given statement. **4**

16. (a) (i) Distinguish between Revenue Expenditure and Capital Expenditure of a government, with suitable example. **3**
    (ii) "Under the 'Production Linked Incentive' scheme, the Government of India offers various benefits like reduced import-export duties, incentives to investors, tax-rebates etc."
    In the light of above statement, identify and explain the Budget objective and its likely consequences. **3**

    OR

    (b) (i) "Under 'Zero Defect, Zero Effect' (ZED) scheme, the government of India provides up to 80% subsidy to Mini, Small and Medium Enterprises (MSMEs)."
    Identify and explain the objective of government budget, highlighted in the above text. **3**
    (ii) Distinguish between Direct tax and Indirect tax with suitable examples. **3**

17. (a) As per The Economic Times report, dated April 11, 2023
    "Electric Vehicle sales cross 10 Lakh mark in financial year 2022-23."
    Analyse the likely impacts of this news on Gross Domestic Product (GDP) and Welfare. **3**
    (b) Discuss briefly, the circular flow of income in a two sector economy model. **3**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

खण्ड – ख

(भारतीय आर्थिक विकास)

18. निम्न कथनों को पढ़िए : अभिकथन (A) एवं कारण (R) । नीचे दिए विकल्पों से सही विकल्प चुनिए :

अभिकथन (A) : ब्रिटिश शासन के दौरान भारत एक मजबूत औद्योगिक आधार विकसित नहीं कर पाया था । 1

कारण (R) : अंग्रेजों ने प्रतिबंधात्मक व्यापार नीतियों का पालन किया था, जिससे भारतीय हस्तशिल्प उद्योगों को मजबूती मिली ।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है ।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है ।

19. चीन के बारे में कॉलम-I में दी गई घटनाओं व कॉलम-II में दिए गए तदानुसार तथ्यों के सही युग्म का चयन करें : 1

	कॉलम-I		कॉलम-II
(a)	संरचनात्मक परिवर्तन	(i)	सीमित शहरीकरण
(b)	ग्रेट लीप फॉरवर्ड अभियान	(ii)	चीनी वस्तुओं की वैश्विक माँग में कमी
(c)	प्राकृतिक संसाधनों के प्रयोग पर अल्प बल	(iii)	जनसंख्या का अल्प घनत्व
(d)	2014 से, सकल घरेलू उत्पाद में सुस्ती	(iv)	अल्पाधिक औद्योगिकीकरण पर लक्षित

विकल्प :

(A) (a) – (i) (B) (b) – (ii)

(C) (c) – (iii) (D) (d) – (iv)

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

SECTION – B

(Indian Economic Development)

18. Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct alternative from those given below : **1**

Assertion (A) : India could not develop a sound Industrial-base during the British rule.

Reason (R) : Britishers followed restrictive trade policies, which strengthened Indian handicraft industries.

Alternatives :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

19. From the events given in Column-I and facts given in Column-II about China, choose the correct pair : **1**

	Column – I		Column – II
(a)	Structural transformation	(i)	Limited Urbanisation
(b)	Great leap forward campaign	(ii)	Reduced global demand for Chinese products
(c)	Less stress of usage on natural resources	(iii)	Low density of population
(d)	Slowdown in GDP, since 2014	(iv)	Aimed at massive industrialisation

Alternatives :

(A) (a) – (i) (B) (b) – (ii)

(C) (c) – (iii) (D) (d) – (iv)

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

20. स्वतंत्रता उपरांत भारतीय अर्थव्यवस्था के योजना उद्देश्य के रूप में आधुनिकीकरण के चयन के पीछे _____ तर्काधार थे । 1

I. सामाजिक दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन लाना
II. आय का समान वितरण
III. प्रौद्योगिक उन्नयन
IV. आर्थिक विभाजन में वृद्धि

विकल्प :

(A) I व II (B) II व III
(C) I व III (D) I व IV

21. निम्नलिखित चित्र का अध्ययन करें : 1



विविधीकरण गतिविधि के रूप में _____ के अंतर्गत परिकल्पित गतिविधियों के प्रकारों की पहचान करें ।
(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।)

विकल्प :

(A) पशुपालन (B) मत्स्यपालन
(C) उद्यान विज्ञान (बागवानी) (D) जैविक कृषि

दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए :

_____ खेती एक ऐसी प्रणाली है, जो पारिस्थिक संतुलन को पुनर्स्थापित करने, बनाए रखने व वृद्धि करने में सहायक होती है । 1

(A) बहु–स्तरीय (B) रासायनिक
(C) जैविक (D) पारंपरिक

22. निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें : 1

कथन 1 : बाह्य प्रापण वैश्वीकरण प्रक्रिया के महत्त्वपूर्ण परिणामों में से एक है ।
कथन 2 : वैश्वीकरण के कारण, कई भारतीय कम्पनियों ने विदेशों में अपने व्यापार में वृद्धि की है ।
दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है ।
(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है ।
(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं ।
(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

20. After independence, the rationale behind choosing Modernization as a planning objectives for the Indian economy were _____. 1

I. To bring positive changes in the social outlook
II. Equitable distribution of income
III. Technological Upgradation
IV. Increase in Economic Divide

Alternatives :

(A) I and II (B) II and III
(C) I and III (D) I and IV

21. Study the following picture :



Identify the kind of activities, which may be envisaged under _____ as diversification activity. 1

(Fill up the blank with correct alternative.)

Alternatives :

(A) Animal Husbandry (B) Fisheries
(C) Horticulture (D) Organic farming

For Visually Impaired Candidates :

_____ farming is a system that is helpful in restoring, maintaining and enhancing the ecological balance. 1

(Choose the correct alternative to fill in the blank.)

(A) Multi layered (B) Chemical
(C) Organic (D) Conventional

22. Read the following statements carefully : 1

Statement 1 : Outsourcing is one of the important outcome of globalization process.

Statement 2 : Owing to globalization, many Indian companies have expanded their operation abroad.

In the light of the given statements, choose the correct alternative from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.
(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.
(C) Both statement 1 and 2 are true.
(D) Both statement 1 and 2 are false.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

23. पाकिस्तान में आर्थिक सुधारों का प्रारंभ _____ वर्ष में हुआ था । 1

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।)

(A) 1978 (B) 1980
(C) 1988 (D) 1991

24. निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें :

कथन 1 : चीन ने अतिरिक्त सामाजिक व आर्थिक अवसरों की उत्पत्ति के लिए राजनीतिक प्रतिबद्धता को खोये बिना, बाजार व्यवस्था तंत्र का प्रयोग किया था । 1

कथन 2 : भारत, पाकिस्तान व चीन की भौतिक खाद्यान्न संपन्नताओं में तो काफी समानता है परंतु उनकी राजनीतिक व्यवस्थाएँ बिल्कुल भिन्न हैं ।

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है ।
(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है ।
(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं ।
(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं ।

25. किसी राष्ट्र में _____ संकेतक को सामाजिक व राजनीतिक निर्णय लेने में जनसांख्यिकीय भागीदारी की सीमा के माप के रूप में परिभाषित किया जा सकता है । 1

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।)

(A) आर्थिक (B) स्वास्थ्य
(C) जनसांख्यिकीय (D) स्वतंत्रता

26. निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें : 1

कथन 1 : आकस्मिक दिहाड़ी श्रमिकों को स्थायी आधार पर काम पर रखा जाता है तथा उन्हें सामाजिक सुरक्षा लाभ भी मिलता है ।

कथन 2 : श्रम बल में रोज़गार प्राप्त तथा बेरोजगार दोनों व्यक्तियों को सम्मिलित किया जाता है ।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है ।
(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है ।
(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं ।
(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं ।

27. 'सूक्ष्म ऋण' (Micro Finance) की योजना को _____ ऋण प्रावधान के माध्यम से विस्तारित किया जाता है । 1

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।)

(A) स्वयं सहायता समूह (B) भूमि विकास बैंक
(C) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (D) वाणिज्यिक बैंक

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

23. Introduction of Economic Reforms in Pakistan took place in year _____. 1
(Fill up the blank with correct alternative.)
(A) 1978 (B) 1980
(C) 1988 (D) 1991

24. Read the following statements carefully : 1
Statement 1 : China has used Market system mechanism without loosing political commitment to create additional social and economic opportunities.
Statement 2 : India, Pakistan and China have similar physical endowments but totally different Political systems.
(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.
(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.
(C) Both Statements 1 and 2 are true.
(D) Both Statements 1 and 2 are false.

25. _____ indicator may be defined as the measure of the extent of demographic participation in Social and Political decision making in a Country. 1
(Fill up the blank with correct alternative.)
(A) Economic (B) Health
(C) Demographic (D) Liberty

26. Read the following statements carefully : 1
Statement 1 : Casual workers are hired on a permanent basis and also get social security benefits.
Statement 2 : Workforce comprises, both employed and unemployed person.
In the light of the given statements, choose the correct alternative from the following :
(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.
(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.
(C) Both Statements 1 and 2 are true.
(D) Both Statements 1 and 2 are false.

27. The scheme of 'Micro Finance' is extended through _____ credit provision. 1
(Fill up the blank with correct alternative.)
(A) Self help groups (B) Land Development Banks
(C) Regional Rural Banks (D) Commercial Banks

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

28. (a) 'स्वेज नहर के खुलने से भारत के विदेशी व्यापार पर ब्रिटिश एकाधिकारी नियंत्रण स्थापित करने में सहायता मिली थी ।' **3**

वैध तर्कों द्वारा दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध करें ।

अथवा

(b) "ब्रिटिश शासन के दौरान रेलवे के विकास ने भारतीय संसाधनों के औपनिवेशिक शोषण को प्रोत्साहित किया था ।"

वैध तर्कों द्वारा दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध करें । **3**

29. एक राष्ट्र में मानव पूँजी प्रोत्साहन में किफ़ायती स्वास्थ्य सेवाओं की भूमिका की व्याख्या करें । **3**

30. दिए गए आँकड़ों की सहायता से, वैध कारणों द्वारा, चीन व पाकिस्तान के जनसंख्या घनत्व तथा प्रजनन दर की तुलना व विश्लेषण करें : **4**

जनांकिकी संकेतक, 2017-18

देश	अनुमानित जनसंख्या (मिलियन में)	जनसंख्या की वार्षिक वृद्धि	जनसंख्या घनत्व (प्रति वर्ग कि.मी.)	लिंग अनुपात	प्रजनन दर	शहरीकरण
भारत	1352	1.03	455	924	2.2	34
चीन	1393	0.46	148	949	1.7	59
पाकिस्तान	212	2.05	275	943	3.6	37

31. (a) (i) "भारत में ग्रामीण क्षेत्र की क्षमता का पूर्ण दोहन करने के लिए आधारभूत संरचना का विकसित होना आवश्यक है ।"

मान्य तर्कों द्वारा दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध करें । **3**

(ii) 'मानव विकास' का अर्थ लिखें । **1**

अथवा

(b) "भारत जैसे राष्ट्र में, रोजगार सृजन के लिए स्वरोजगार एक महत्त्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है ।" **4**

मान्य तर्कों के आधार पर दिए गए कथन का समर्थन अथवा खंडन करें ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

28. (a) "Opening up of Suez Canal helped in establishing the British monopoly control over India's foreign trade". **3**

Justify the given statement with valid arguments.

OR

(b) "Development of Railways during British rule encouraged colonial exploitation of the Indian resources."

Justify the given statement with valid arguments. **3**

29. Explain the role of affordable healthcare facilities in promoting human capital in a country. **3**

30. From the given data compare and analyse the Population Density and Fertility Rate of China and Pakistan, with valid reasons : **4**

Demographic Indicators, 2017-18

Country	Estimated Population (in million)	Annual Growth of Population	Population Density (per sq. km)	Sex Ratio	Fertility Rate	Urbanisation
India	1352	1.03	455	924	2.2	34
China	1393	0.46	148	949	1.7	59
Pakistan	212	2.05	275	943	3.6	37

31. (a) (i) "Infrastructural development is an essential element to obtain the full potential of the rural sector in India".

Justify the given statement with valid arguments. **3**

(ii) State the meaning of 'Human Development'. **1**

OR

(b) "In a nation like India, self employment provides an important avenue for employment generation." **4**

Defend or refute the given statement with valid arguments.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

32. (a) रोजगार व सकल घरेलू उत्पाद के निम्नलिखित आरेख का अध्ययन करें । 1990-2012 के मध्य इन दो चरों की प्रवृत्ति का विश्लेषण करें । **3**



दृष्टिबाधित परीक्षार्थीयों के लिए :

शहरी क्षेत्रों में नियमित वेतनभोगी कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्र से अधिक क्यों होते हैं ? **3**

(b) श्रमिक – जनसंख्या अनुपात को परिभाषित करें । **1**

33. (a) (i) "भारतीय अर्थव्यवस्था में कुछ विशेष अनुकूल परिस्थितियाँ हैं, जिनके कारण यह विश्व का बाह्य प्रापण केन्द्र बन गया है ।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में मान्य कारण दें । **3**

(ii) "सुधार प्रक्रिया के उपरांत की अवधि में, भारत सरकार ने लाभ कमाने वाले सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण करने का निर्णय लिया था ।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में मान्य तर्क दें । **3**

अथवा

(b) (i) कृषि क्षेत्र में लागू किए गए भूमि सुधारों की आवश्यकता व प्रकारों की व्याख्या करें । **4**

(ii) "आर्थिक सुधार अवधि में औद्योगिक क्षेत्र ने निराशाजनक प्रदर्शन किया था ।"

दिए गए कथन की व्याख्या करें । **2**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

32. (a) Study the following chart of Employment and Gross Domestic Product. Analyse the trend of the two variables between 1990-2012. **3**



For Visually Impaired Candidates :

Explain why are regular salaried employees more in urban areas than in rural areas. **3**

(b) Define Worker – Population Ratio. **1**

33. (a) (i) "Indian economy has certain advantages, which have made it a favourite outsourcing destination."

Do you agree with the given statement ? Give valid reasons in support of your answer. **3**

(ii) "In the post-reform period the government of India decided to privatise profit making Public Sector Undertakings (PSUs). **3**

Do you agree with the given statement ? Give valid arguments in support of your answer.

OR

(b) (i) Explain the need and type of land reforms implemented in the agriculture sector. **4**

(ii) "Industrial sector performed poorly in the economic reform period."

Elucidate the given statement. **2**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

34. निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें :

भारत ने 2030 तक राष्ट्र की 'कार्बन प्रबलता' (Carbon Intensity) को लगभग 45% से कम करने का लक्ष्य रखा है । इसे प्राप्त करने के लिए 'हरित वित्त' (Green finance) एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है । प्रारंभिक चरणों में हरित वित्त को सरकार से बड़े प्रोत्साहन की आवश्यकता है । भारत सरकार ने ₹ 25,000 करोड़ की परियोजनाओं की पहचान की है, जिन्हें संप्रभु हरित बांड (Sovereign Green Bond) की आय से वित्त पोषित किया जाएगा ।

वित्त मंत्रालय द्वारा अनुमोदित रूपरेखा के अनुसार संप्रभु हरित बांड (Sovereign Green Bond) नवीकरणीय ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ परिवहन, धारणीय जल व अपशिष्ट प्रबंधन तथा प्रदूषण नियंत्रण सहित सार्वजनिक परियोजनाओं के वित्तपोषण पर ध्यान केंद्रित करेंगे ।

हरित वित्त प्राप्त करने वाले व्यवसायों को विभिन्न तरीकों से लाभ मिल सकता है । यह उन्हें विभिन्न पर्यावरणीय मानदंडों और विनियमों का पालन करने एवं इस प्रकार संभावित जुर्मानों से बचने में सहायता कर सकता है । सतत् विकास प्रथाओं को अपनाने वाले व्यवसायों के ब्राँड मूल्य में वृद्धि होती है । ग्राहक ऐसे ब्राँडों को पसंद करते हैं जो स्पष्ट सतत् विकास प्रथाओं को अपनाते हैं । हरित वित्त द्वारा प्रचारित ऊर्जा कुशल और अन्य सतत् विकास प्रथाएँ भी प्राय: लागत बचाने, व्यवसायों की लाभप्रदता में वृद्धि करने आदि में सहायता करती हैं ।

– The Economic Times, अप्रैल 22, 2023 (संशोधित)

दिए गए गद्य तथा सामान्य समझ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

(a) सतत् विकास को परिभाषित करें । **1**

(b) ऐसी सार्वजनिक परियोजना क्षेत्रों का उदाहरण दें, जहाँ संप्रभु हरित बांड (Sovereign Green Bond) केन्द्रित हैं ? **2**

(c) हरित वित्त से व्यवसाय कैसे लाभान्वित हो सकते हैं ? **3**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

34. Read the following text carefully :

India has aimed to reduce the country's carbon intensity by approximately 45% by 2030. To achieve this 'Green finance' plays a vital role. At the initial stages, green finance needs a big push from the government. The Indian government has identified projects worth ₹ 25,000 crore that will be financed by proceeds from Sovereign Green Bonds.

According to the framework approved by finance ministry, the sovereign green bonds will focus on financing public projects including renewable energy, climate change, clean transportation, sustainable water and waste management and pollution control.

Businesses that take green finance can get benefit in various ways. It can help them follow different environmental norms and regulations and thus avoid possible fines. Adopting sustainable developmental practices enhances brand value of businesses. Customers tend to prefer brands that adopt clear sustainable development practices. The energy-efficient and other sustainable development practices promoted by green finance also often help in saving cost, boosting profitability of businesses etc.

– The Economic Times, April 22, 2023 (Modified)

On the basis of given text and common understanding, answer the following questions :

(a) Define sustainable development. **1**

(b) State the public project areas, where Sovereign Green Bond are focussed. **2**

(c) How can businesses get benefit from green finance ? **3**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE